प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

जेपी नड्डा

प्रदेश दौरे के दूसरे दिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज बिलासपुर स्थित एम्स में पैट स्कैन और 2 सौ 50 बिस्तरों के विश्राम सदन सहित अन्य सुविधाओं का शुभारम्भ करेंगे। इस बीच जगत प्रकाश नड्डा ने कल बिलासपुर में आयोजित एक जनसभा में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आयुष्मान व हिमकेयर जैसी उत्तम योजनाओं को भी नहीं चला पा रही है और इन योजनाओं की देनदारियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

विधानसभा अध्यक्ष

प्रदेश विधानसभा के 10 मार्च से शुरू होने जा रहे बजट सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इस सिलसिले में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आज विधानसभा प्रेस गैलरी कमेटी की एक बैठक लेंगे, जिसके पश्चात वे सत्र के संबंध में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने बीते कल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। 28 मार्च तक चलने वाले इस बजट सत्र में 16 बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रामपुर उपमंडल के ननखड़ी स्थित देवता साहब पल्थान शोली के पुनर्निर्मित मंदिर की प्रतिष्ठा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ननखड़ी खंड में 100 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि टिक्कर–खामडी सड़क के लिए 55 करोड़ रूपए स्वीकृत किया गया है और एक महीने के भीतर इसका कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

वन मंजूरी

मण्डी जिले में सलापड़ तत्तापानी सड़क के नवीनीकरण को लेकर फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गई हैं और जल्द ही वन व निजी भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सुंदर नगर के विधायक राकेश जम्वाल ने बताया कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2019 में इस सड़क को डबल लेन करने के लिए सीआरएफ के तहत 2 सौ 19 करोड़ रूपए की धनराशि मंजूर की थी और अब फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिलने से इसका कार्य शुरू हो जाएगा।

बयान

कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार और भुवनेश्वर गौड़ ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने मंडी की शिवधाम परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं और इसे दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। विधायकों ने शिवधाम परियोजना को लेकर नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने इस परियोजना के लिए वित्तीय प्रावधान नहीं किए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्रिय है और विपक्ष को समर्थन देना चाहिए।

मिनी रोजगार मेला

जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में 10 मार्च को मिनी रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें पांच निजी कंपनियां 180 से अधिक पदों के लिए पात्र युवाओं के साक्षात्कार लेंगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि बद्दी की एक निजी कम्पनी के लिए आईटीआई फ्रैशर्स के 25 पद भरे जाएंगे। जबकि एक अन्य कंपनी के लिए भी ट्रेनी के 50 पद भरे जाएंगे। इसी तरह बिलासपुर की कम्पनी में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे।

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–सुप्रीम कोर्ट की विशेष खंडपीठ करेगी अतिक्रमण मामलों की सुनवाई। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–बीबीएमबी एरियर मामले में हिमाचल के साथ केंद्र सरकार–अटार्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट में प्रदेश के हित में पेश की रिपोर्ट। पंजाब केसरी का शीर्षक है–बजट सत्र से पहले 322 करोड़ कर्ज लेगी सरकार। दैनिक जागरण ने केंद्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान को सुर्खी दी है–केंद्रीय योजनाओं का पैसा वेतन पर खर्च कर रही प्रदेश सरकार।

दैनिक भास्कर लिखता है–नाइट ओवरटाइम की मांग को लेकर एचआरटीसी के ड्राइवर–कंडक्टर 9 मार्च से करेंगे हड़ताल।